जमीन पर किया दबंग ने कब्जा, 92 वर्षीय महिला ने मांगी इच्छा मृत्यु

गाडरवारा, देशबन्धु। गाडरवारा तहसील के ढुटी गांव में रहने वाली 92 वर्षीय कुंजकुंवर बाई नरसिंहपुर जाकर कलेक्टर को आवेदन देते हुए दबंग द्वारा जमीन पर कब्जा किए जाने की आप बीती सुनते हुए इच्छा मृत्यु की मांग किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। गाडरवारा तहसील के ढुटी गांव में रहने वाली कुंजकुंवर बाई और उनके साथ गए भागीरथ प्रसाद पटेल का कहना था कि वह पहले भी कई बार प्रशासन को पत्र लिखकर अपनी समस्या बता चुके। उनका कहना है कि न्यायालय के आदेश के अनुसार, उनके पास कुल 8.70 एकड़ भूमि है, जबकि विपक्षियों को मात्र 1.80 एकड़ जमीन मिली है। इसके बावजूद आरोपियों ने उनकी 5 एकड़ जमीन की फसल जबरन काटकर ले ली। अब बाकी दो एकड़ गेहूं की फसल पर भी खतरा मंडरा रहा है।

वृद्धा का आरोप है कि जब उन्होंने फसल चोरी की शिकायत सिहोरा पुलिस चौकी में दर्ज कराई तो वहां एक पुलिसवाले ने उन्हें मर जाने की सलाह दे दी, वहीं अब तक मामले में कोई जांच नहीं हुई। आरोपियों ने पहले भी उनके कृषि उपकरण और सिंचाई पाइप चोरी किए थे, लेकिन प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की।

कुंजकुंवर बाई का कहना है कि उन्हें धमकियां दी जा रही हैं। 1 मार्च को उनका ट्रैक्टर रोककर खेती करने से मना कर दिया गया। आरोपियों ने बताया कि यदि वे फसल काटने की कोशिश करेंगी तो उनकी जान ले ली जाएगी। कुंजकुंवर बाई ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि उनकी कृषि भूमि का सीमांकन तत्काल कराया जाए और उन्हें उनकी फसल काटने की सुरक्षा दी जाए। अन्यथा उन्हें इच्छा मृत्यु की स्वीकृति दी जाए। इस पूरे मामले में कलेक्टर शीतला पटले आश्वासन दिया की मामले की जांच कराकर आवेदन कर्ता को उनकी जमीन में कब्जा दिलाया जाएगा।

कर्मा देवी जयंती पर निकाली भव्य कलश शोभा यात्रा

गाडरवारा, देशबन्धु। नगर में मां कर्मा देवी जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। श्री देव गणेश मंदिर से साहू समाज, युवा संगठन एवं महिला मंडल द्वारा हर्ष उल्लास के साथ मां कर्मा देवी जी की कलश शोभायात्रा एवं चल समारोह निकला, जो नगर के शुक्रवारा बाजार, पुरानी गल्ला मंडी, झंडा चौक चौकी,चावड़ी, महावीर भवन, शक्ति चौक, श्याम टॉकीज होते हुए वापस मंदिर पहुचा। शोभा यात्रा में पीले वस्त्र धारण सर पर कलश लेकर महिलाएं भक्ति भाव के साथ चल रही थी। पालकी एवं रथ पर सवार माँ कर्मा देवी की प्रतिमा मुख्य आकर्षण का केंद्र बिंदु रही। जगह-जगह लोगों ने शोभायात्रा का स्वागत करते हुए मा कर्मा देवी की पूजा अर्चना की।

श्री देव गणेश मंदिर में दिन भर माँ कर्मा जयंती पर हवन पूजन चलता रहा। साहू युवा संगठन द्वारा सिविल अस्पताल परिसर में खिचड़ी वितरण की गई। शोभा यात्रा के पीछे खिचड़ी प्रसादी का वितरण चलता रहा। तराना म्यूजिकल ग्रुप द्वारा शाम को भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमे शानदार भजनों की प्रस्तुति दी गई। मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। सेकड़ो लोगो ने प्रसादी ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया, शोभा यात्रा में भारी संख्या में स्वजाति बंधु उपस्थित रहे।

की पूजा अर्चना

नगर के हृदय स्थल झंडा चौक पर मां कर्मा साहू समाज सार्वजनिक समिति एवं मां कर्मा महिला मंडल द्वारा मां कर्मा देवी जयंती समारोह मनाया गया जिसमें उपस्थित स्वजाति बंधुओ ने दीप प्रज्वलित कर भव्य आरती की तत्पश्चात साहू युवा मंडल द्वारा विशाल वाहन रैली निकाली गई जो नगर के प्रमुख मार्गो से जयकारे लगाते हुए निकली झंडा चौक से प्रारंभ वाहन रैली का समापन सुखदेव भवन में किया गया। नगर में दिनभर माँ कर्मा देवी जयंती की धूमधाम रही।

सार-समाचार

चोला वंदन के साथ ही भक्त कर्मा देवी पर व्याख्यान आयोजित

नरसिंहपुर, देशबन्धु। भक्त कर्मा भगवान कृष्ण की अनन्य भक्त थीं। भगवान के प्रति उनमें असीम श्रद्धा और अगाध प्रेम था।जब पुजारियों ने मंदिर में भोग लगाने की अनुमति कर्मा देवी को नहीं दी तो उन्होंने वहीं समुद्र तट पर तुलसी दल सहित भोग लगाया और भगवान ने स्वयं आकर भोग गृहण किया तब से भक्त कर्मा देवी के खिचड़ी का भोग जगन्नाथ पुरी में आज भी लगाया जाता है। कर्मा देवी ने अपना सम्पूर्ण जीवन धर्म कर्म समाज और दीन हीन की सेवा में लगाया।उक्ताशय का उद्बोधन अध्यक्ष मनोकामनेश्वर मंदिर संचालक नारायण प्रसाद साहू ने मंदिर में आयोजित मंगलवारीय सत्संग में व्यक्त किये। चोला वंदन दीपक नेमा द्वारा किया गया।आयोजन में पुजारी मनीष गिरदोनिया लक्ष्मी कांत सरावगी गिरीश पटेल बी डी रूसिया कृषि अधिकारी जे पी श्रीवास्तव दिनेश श्रीवास्तव भागवती रामायणी प्रो के एल साहू महेश नेमा एड अजय साहू एस के तिवारी,डा उपेन्द्र पाठक मनोज विश्वकर्मा आर के चौहान सुभाष साहू ओमप्रकाश पंड्या सहित अनेक भक्त गण उपस्थित थे।

गीता निकुंज आध्यात्मिक संस्था ने किया अनौपचारिक मिलन कार्यक्रम

नरसिंहपुर, देशबन्धु। श्री गीता निकुंज आध्यात्मिक संस्था द्वारा गायत्री शक्ति पीठ चिनकी उमरिया में विगत दिवस अनौपचारिक मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां नर्मदा के पूजन से की गई। तत्पश्चात सह भोज किया गया। सहभोज में सभी साधकों ने विभिन्न प्रकार की व्यंजनों का लुफ्त उठाया । भोजन प्रसाद के बाद परिचय सत्र का आयोजन किया गया साथ ही अनौपचारिक सत्र पर चर्चा की गई। चर्चा में सत्संग की सूची, अभ्यास वर्ग जैसे बिन्दुओं पर चर्चा की गई। जय नारायण शर्मा, श्रीमती रंजना शर्मा एवं यमुना विश्वकर्मा द्वारा विभिन्न प्रकार के शारीरिक एवम बौद्धिक खेल खिलाए गए। कार्यक्रम का समापन, समापन गीत एवं कल्याण मंत्र से किया गया। कार्यक्रम में गायत्री शक्तिपीठ चिनकी से मुकेश पटेल, गुलजार पटेल, अनुराग पटेल, हरिराम लोधी, राधेश्याम मलाह, लखन लोधी सहित श्रीगीता निकुंज परिवार से उपस्थित साधकों में शशिकांत मिश्र, जय नारायण शर्मा, राजेंद्र नेमा, अशोक नेमा, कैलाश सोनी, शिवराज रैकवार, संतोष मेहरा, नर्मदा रैकवार, नरेश कौरव, विजय, मनीष विश्वकर्मा, कार्तिक लोधी, कृष्णा भारद्वाज,कनिष्क शर्मा, तुसार विश्वकर्मा, विवान विश्वकर्मा, प्रेमलता ठाकुर,अर्चना शर्मा, राजेश्वरी नेमा,रंजना शर्मा, शिवानी भारद्वाज, शांति विश्वकर्मा,रजनी विश्वकर्मा,यमुना विश्वकर्मा आदि की उपस्थिति रही।

जनसुनवाई में आए 105 आवेदन

नरसिंहपुर, देशबन्धु। कलेक्टर कार्यालय नरसिंहपुर के जनसुनवाई हाल में मंगलवार 25 मार्च को जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे लोगों ने कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले को अपनी समस्यायें बताई और आवेदन दिये। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने विभिन्न आवेदनों का मौके पर भी निराकरण कराया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार व अपर कलेक्टर अंजली शाह सहित अन्य अधिकारियों ने भी लोगों की समस्यायें सुनी।

नंदराम मिश्रा का निधन

नरसिंहपुर, देशबन्धु। नगर के प्रतिष्ठित विद्वान ब्राम्हण, सतीश टाकीज के पीछे, बापू की मढिया निवासी नंदराम मिश्रा का देवलोकगमन गत सोमवार को हो गया है। आप स्व. रामसेवक मिश्रा , स्व. चंद्रिकाप्रसाद मिश्रा , शिवनारायण मिश्रा , शिवशंकर मिश्रा , अरूण मिश्रा , मुकेश मिश्रा के पिता और अवधेश मिश्रा (रिंकू महाराज), अम्रतानंद महाराज (मिंटू महाराज), आलोक महाराज , आशीष मिश्रा , भानू मिश्रा , अनुराग मिश्रा , रूद्रांश मिश्रा के दादाजी थे। आपका अंतिम संस्कार स्थानीय नकटुआ मोक्षधाम में संपन्न हुआ । जिसमें सभी वर्ग के लोगो ने अंतिम यात्रा मे सम्मलित होकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

खुशियां परिस्तिथितियों की मोहताज नहीं : आनंद विभाग

नरसिंहपुर, देशबन्धु। जिला जेलर स्वामी सर की उपस्थिति में राज्य आनंद संस्थान की मास्टर ट्रेनर यमुना विश्वकर्मा एवं मुक्ति राय द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ ईश प्रार्थना इतनी शक्ति हमें देना दाता से किया गया। इसके पश्चात दोनों मास्टर ट्रेनर द्वारा आनंद विभाग की बुकलेट, बुके एवं

मोमेंटो देकर जिला जेलर स्वामी सर का अभिनंदन किया गया। मास्टर ट्रेनर यमुना विश्वकर्मा द्वारा खुशहाली दिवस मनाए जाने के उद्देश्य, खुशहाली दिवस की प्रस्तावना, एवं आनंद विभाग का परिचय मास्टर ट्रेनर मुक्ति राय द्वारा रखा गया।

सबसे पहले महिला बंदी साथियों का परिचय हुआ। उनके बचपन के नाम जानकर वातावरण को सहजता प्रदान करने का प्रयास किया, उनके जीवन की चिंताएं वो कैसे प्रभाव के दायरे में लावे इस पर विस्तृत चर्चा की गई और किस तरह प्रार्थना के माध्यम से वह अपने मन को शांत रख सकती है, इस पर भी विस्तार से वार्तालाप किया। बोझिल मन, सजल नेत्रों से अपने जीवन के कड़वे अनुभव को सांझा किया। जीवन की वर्तमान परिस्थितियों को स्वीकार करते हुए खुशी और आनंद को जीवन में लाने की प्रयास करना चाहिए।

खुशहाली दिवस पर जलेबी रेस, कुर्सी रेस एवं रिंग गतिविधियों की गई जिनमें महिलाओं को खुश मिली और बचपन की कुछ यादें आई और कहीं ना कहीं उनके जीवन में चल रही उथल-पुथल और चिंता को थोड़ी हद तक दूर करने का प्रयास किया गया।

जिला स्तरीय विकसित भारत युवा संसद आयोजित

विभिन्न शिक्षण संस्थानों से 43 युवा प्रतिभागियों ने लिया भाग

नरसिंहपुर, देशबन्धु। मध्य प्रदेश युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा नेहरु युवा केंद्र छिन्दवाड़ा के माध्यम से स्वामी विवेकानंद गवर्मेंट पीजी कॉलेज नरसिंहपुर में जिला स्तरीय युवा संसद कार्यक्रम 2025 का आयोजन संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में छिन्दवाड़ा एवं नरसिंहपुर जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों से आए 43 युवा प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर जीवंत प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती संध्या कोठारी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष के दीप प्रज्वलन से हुआ। उन्होंने युवाओं को लोकतांत्रिक मूल्यों की समझ विकसित करने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता के दौरानए प्रतिभागियों ने 'एक राष्ट्र एक चुनाव' विषय पर अपने संवाद कौशल और तर्क शक्ति का प्रदर्शन किया। पांच सदस्यीय निर्णायक मंडल में डॉ. एनसी नेमा, राजकुमार वर्मा, नीलेश जाट, प्रो.डॉ सतीश दुबे एवं आरएस शर्मा सम्मलित रहे। निर्णायक मंडल ने प्रदर्शन के आधार पर 10 उत्कृष्ट प्रतिभागियों का चयन किया जो आगामी राज्य स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता में नोडल जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। इनके नाम हैं आर्या चतुर्वेदी, असीं नेमा, आबिद खान, पल्लवी मोदी, राज ढिमोले, मानस दुबे, श्रुति शर्मा, आशना यादव एवं देवांश पचोरी। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के प्राचार्य डॉ. आरबी. सिंह ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा इस तरह के आयोजन छात्रों को लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की व्यावहारिक समझ प्रदान करते हैं और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी गजेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि यह आयोजन प्रधानमंत्री मोदी के एक लाख युवा नेतृत्व तैयार करने के लक्ष्य को धयान में रखकर किया जा रहा है।कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजेश ठाकुर एवं श्रीमति शिल्पी तिवारी ने किया। चयनित प्रतिभागियों को दिनांक 26 एवं 27 मार्च को राज्य विधान सभा में प्रस्तुति देनी है जिसके लिए वे तुरंत ही रवाना हो गए।

विशेष कार्य हेतु इंजीनियर सुनील कोठारी सम्मानित

नरसिंहपुर, देशबन्धु। इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स इंडिया लोकल सेंटर जबलपुर के तत्वाधान विश्व जल दिवस ग्लेशियर प्रिजर्वेशन सब्जेक्ट पर विस्तृत जानकारी जियोलॉजिस्ट अब्दुल सत्तार खान (एम टेक) ने दी। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ राजीव चांडक ग्लेशियर के साल दर साल पिघलने से होने वाले नुकसान का क्या प्रभाव पड़ने वाला है, चर्चा की आपने बताया कि समुद्र तट पर वैसे बहुत से शहर आने वाले 2050 तक नहीं दिखाई देंगे,यदि इसी तरह ग्लेशियर पिघलते रहे।

अतिथियों के उद्बोधन के पूर्व उनका संक्षिप्त परिचय प्रथम ए के सत्तार का कार्यक्रम को इंजी. मनीष बाजपेयी एवं डॉ राजीव चांडक का परिचय ऑर्गनाइजर सेक्रेटरी इंजी. राजेश सिंह ठाकुर द्वारा कराया गया। कार्यक्रम का संचालन इंजी. सुरेन्द्र सिंह पवार ने किया।डॉ संजय वर्मा इंजी. संजय मेहता मानसेवी अध्यक्ष आई इ आई लोकल सेंटर जबलपुर और इं राजीव जैन मानस सचिव द्वारा तक्षशिला के पांच विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पूर्व सदस्य अभियांत्रिकी नर्मदा घाटी विकास अशोक कुमार शुक्ला को नर्मदा क्षिप्रा लिंक परियोजना द्वारा क्षिप्रा नदी नर्मदा

विश्व जल दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

नदी का जल अभिषेक कर उन्नयन करने में अभूतपूर्व योगदान हेतु एवं इंजी. सुनील कोठारी संरक्षक जिला इंजीनियर फोरम नरसिंहपुर को विश्व जल दिवस पर जल संरक्षण के लिए विशेष कार्य (सिंगरी नदी के संरक्षण, उन्नयन के लिए) हेतु इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स इंडिया लोकल सेंटर जबलपुर द्वारा प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। विदित हो कि कोठारी ने सन 1989 में इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स इंडिया से चार्टर इंजीनियर उपाधि प्राप्त की है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नरसिंहपुर एवं जबलपुर के अभियंता, वरिष्ठ बुद्धिजीवी , सामाजिक कार्यकर्ता एवम् पत्रकार उपस्थित हुए। जिसमें इंजी. दिलीप सिंह ठाकुर, इंजी. श्याम मालवी, इंजी. बी एम ऋषिश्वर,इं अभय सिंह चौहान,राजेश सिंह ठाकुर , दुर्गा पटेल, वासुदेव आहूजा, इंजी. आई एस राजपूत, इंजी.कमल मोहन वर्मा , इंजी. डी सी जैन, इंजी. रमेश कुमार यादव, इंजी. पी सी माथुर, इंजी.आर पी श्रीवास्तव,इंजी.आर सी सक्सेना,इंजी.जी आर सिंह, आदि। आप दोनों सम्मानित जानों का नरसिंहपुर जिले से गहरा नाता है। इंजी.अशोक शुक्ला का पैतृक निवास गोटेगांव है। इंजी. सुनीलकोठारी की कर्म भूमि नरसिंहपुर है।

श्रीधाम में भागवत कथा आयोजित

.गोटेगांव, देशबन्धु। श्रीधाम नगर के श्रीदेव मुरलीधर वार्ड स्थित बालाजी धाम परिसर में आज 26 मार्च दिन बुधवार तक आयोजित श्रीमद् भागवत साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ कार्यक्रम के क्रम में पूज्य संतजनों का सत्संग कार्यक्रम आज संपन्न हुआ। आचार्य शिवशंकर शर्मा (मुंबई) के यजमानत्व में ब्रह्मलीन शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाराज के

कृपापात्र शिष्य पंच अग्निपीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर श्रीमद् रामकृष्णानंद महाराज एवं जगतगुरु जनार्दनाचार्य महाराज (मुंबई) के सानिध्य में भागवत कथा की अमृत वर्षा के माध्यम से श्री धाम क्षेत्र की श्रद्धालुओं ने गुरु वाणी का प्रसाद प्राप्त किया। अपने गुरु से मिले ज्ञान को जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि बताते हुए पूज्य महामंडलेश्वर ने कहा । पूज्यआचार्य जी महाराज ने सुदामा जी की मित्रता एवं जीवन वृत की कथा सुनाई।

आचार्य पं. शिवशंकर शर्मा ने उपस्थित संतजनों का पूजन एवं श्रद्धालुओं का अभिनंदन करते हुए कहा कि श्रीधाम क्षेत्र मेरे गुरु ब्रह्मलीन शंकराचार्य स्वामीस्वरूपानंद सरस्वती महाराज की तपोभूमि है ,जहां पर आकर हमेशा दिव्यता की अनुभूति होती है।

उन्होंने श्रीधाम क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि इस कथा कार्यक्रम में आप सभी ने परिवार सहित उपस्थित होकर गुरुभक्ति से जुड़े अनुष्ठान में अपना आत्मीय सहयोग प्रदान किया है। उन्होंने सभी प्रशासनिक संस्थाओं जनप्रतिनिधियों एवं स्थलीय श्रद्धालुओं का धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर उपस्थित समाज की अनेक गणमान्य नागरिकों महेंद्र नागेश (विधायक)विनीता नागेश ने परिवार सहित आचार्य श्री का अभिनंदन किया।

गैस सिलेंडरों का अवैध भंडारण होने पर कार्रवाई

नरसिंहपुर, देशबन्धु। कलेक्टर शीतला पटले के निर्देशन में घरेलू गैस सिलेण्डर का दुरुपयोग रोकने के उद्देश्य से राजस्व एवं खाद्य विभाग की संयुक्त

28 गैस सिलेंडर, तीन रिफिलिंग मशीन, चार भट्टी व गैस पाइप रेगूलेटर हुए जब्त

टीम द्वारा विशेष अभियान जिले की तेंदूखेड़ा तहसील में गुरुवार को चलाया गया।

अभियान के दौरान जिले की तहसील तेंदूखेड़ा में घरेलू गैस सिलेण्डर का दुरुपयोग होने पर अलग-अलग जगहों पर कार्रवाई करते हुए 16 खाली व 9 भरे हुए घरेलू गैस सिलेण्डर, 3 व्यावसायिक गैस सिलेण्डर, 3 रिफिलिंग मशीन व 4 भट्टी का अवैध भण्डारण पाये जाने पर जब्त कर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की के प्रावधानों के तहत प्रकरण दर्ज किया गया।

जिला आपूर्ति अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि तहसील तेंदूखेड़ा के अंतर्गत ग्राम डोभी में पवन टेंट हाउस से 11 खाली और 2 भरे हुए घरेलू गैस सिलेण्डर व 2 रिफिलिंग मशीन, मधुवन रेस्टारेंट तेदूखेड़ा से 4 घरेलू गैस सिलेण्डर, गैस पाईप रेगूलेटर व 4 भट्टी और इसी तरह तेंदूखेड़ा से अखिलेश शर्मा के भवन से 3 भरे हुए, 5 खाली घरेलू गैस सिलेण्डर एवं 3 खाली व्यावसायिक गैस सिलेण्डर एवं एक रिफिलिंग मशीन का अवैध भण्डारण पाया गया।

मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल

Sara Group of Institutions

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

सनात्कोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए